भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
(स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग)

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 17
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में मच्छरों से उत्पन्न खतरा और डेंगू से पीड़ित व्यक्ति

*17 श्री मोहम्मद अदीबः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश की राजधानी और इसके अन्य भागों में मच्छरों से उत्पन्न खतरे और डेंगू से पीड़ित व्यक्तियों के संबंध में नवीनतम स्थिति क्या है;
(ख) इस समस्या को नियंत्रित करने हेतु कौन–कौन से क्षेत्रों की पहचान की गयी है और क्या–क्या उपाय किए गए हैं;
(ग) इस संबंध में अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं; और
(घ) क्या कार्यक्रमों में फर्जी कार्यान्वयन से संबंधित कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 17 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) एडीज वेक्टर मच्छर, जिससे डेंगू फैलता है, देश के अधिकतर भागों में व्याप्त है। वर्ष 2010 के दौरान और 31 अक्टूबर, 2011 तक राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य भागों में सूचित डेंगू के मामलों की संख्या उपाबंध में दी गई है।

(ख) आज की तारीख तक 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने समय–समय पर डेंगू के मामलों की सूचना दी है। भारत सरकार ने देश में डेंगू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:–

(i) भारत सरकार वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के संरक्षण में एकीकृत राष्ट्रीय वेक्टर–जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) क्रियान्वित कर रही है। वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण संबंधी कार्यनीति का फोकस रोगी की शीघ्र पहचान और रोगियों के पूरे उपचार, वेक्टर नियंत्रण और व्यवहार में परिवर्तन लाने संबंधी संप्रेषण पर है। इस कार्यक्रम को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के जरिए क्रियान्वित किया जा रहा है।

(ii) डेंगू और चिकुनगुनिया के प्रति रोकथाम और नियंत्रणात्मक उपायों को और ज्यादा सुदृढ़ करने की दृष्टि से एक मध्यावधिक योजना (2011–2013) तैयार की गई है और इसे क्रियान्वयन हेतु राज्यों को भेजा गया है।

(iii) स्थानिकमारी राज्यों में नैदानिक सुविधा के संवर्द्धन के लिए प्रयोगशाला सहायता युक्त 311 प्रहरी निगरानी अस्पताल स्थापित किए गए हैं और इन्हें बैक–अप सहायता के लिए उन्नत नैदानिक सुविधाओं से सुसज्जित 14 शीर्ष रेफरल प्रयोगशालाओं के साथ जोड़ा गया है। इन संस्थानों को राष्ट्रीय विषाणु संस्थान, पुणे के जरिए जांच किटें प्रदान की जाती हैं।

(ग) वर्ष 2010 की तुलना में वर्ष 2011 में दिल्ली सहित अधिकतर राज्यों में डेंगू के सूचित मामलों में कमी आई है।

(घ) जी, नहीं।

उपाबंध

वर्ष 2010 और 2011 (31 अक्टूबर तक) में डेंगू के मामलों का राज्य–वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य	2010	2011 (31 अक्टूबर तक, अनंतिम)
		मामले	मामले
1.	आंध्र प्रदेश	776	672
2.	असम	237	1
3.	बिहार	510	6
4.	छत्तीसगढ़	4	43
5.	गोवा	242	7
6.	गुजरात	2568	744
7.	हरियाणा	866	184
8.	हिमाचल प्रदेश	3	0
9.	जम्मू एवं कश्मीर	0	1
10.	झारखंड	27	12
11.	कर्नाटक	2285	315
12.	केरल	2597	1034
13.	मध्य प्रदेश	175	28
14.	मेघालय	1	0
15.	महाराष्ट्र	1489	331
16.	मणिपुर	7	0
17.	ओड़िसा	29	1793
18.	पंजाब	4012	2016
19.	राजस्थान	1823	234
20.	तमिलनाडु	2051	1624
21.	उत्तर प्रदेश	960	76
22.	उत्तराखंड	178	68
23.	प. बंग	805	240
24.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	25	0
25.	चंडीगढ़	221	52
26.	दिल्ली	6259	757
27.	दादरा एवं नगर हवेली	46	0
28.	पुदुच्चेरी	96	106
योग		28292	10344